कैलाश सत्यार्थी | KAILASH SATYARTHI

दिनांक: 14/06/2017

आदरणीय भाई सरयू राय

संसदीय कार्य और खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री

झारखंड

मेरी झारखंड यात्रा के दौरान जिस तरह से आप और आप की सरकार ने मुझे सहयोग और समर्थन दिया, उसके लिए सबसे पहले मैं आपका और झारखंड सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। आप से वर्षों बाद मेरी मुलाकात हुई, लेकिन यह मुलाकात बहुत ही सुखद और सारगर्भित रही। साथ ही मैं भाई रघुबर दास का भी आभारी हूं कि उन्होंने हमारी सभी मांगों को स्वीकार कर लिया।

मुझे आप को यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बाल श्रम, बाल तस्करी और बाल यौन शोषण के खिलाफ झारखंड में बेहतर प्रयास हो रहा है। मैं आशा करता हूं कि भविष्य में भी इस लडाई में आप की सरकार सबसे आगे रहेगी। मुझे विश्वास है कि हम एक साथ मिलकर 'सुरक्षित बचपन–सुरक्षित भारत' के सपने को साकार कर सकेंगे।

मुलाकात के दौरान बाल मित्र समाज बनाने के अपने प्रयासों की चर्चा करते हुए मैंने आप से "बाल मित्र ग्राम" के बारे में विस्तार से चर्चा की थी। "बाल मित्र ग्राम" अभियान झारखंड के अभ्रक खनन क्षेत्रों में चल रहा है। इसकी मदद से हम बाल मजदूरी, बाल तस्करी और स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या को घटाने में सफल रहे हैं। आप ने इस प्रयोग को देखने की इच्छा जाहिर की थी। मैं आप को 'बाल मित्र ग्राम' में किए जा रहे प्रयोगों को देखने के लिए सादर आमंत्रित कर रहा हूं।

मुझे उम्मीद है कि आगामी महीनों में आप अपनी सुविधानुसार हमें बाल मित्र ग्राम में स्वागत करने का अवसर प्रदान करेंगे। इस संबंध में मेरे सहयोगी आपके कार्यालय के संपर्क में रहेंगे।

भवदीय

कैलाश सत्यार्थी

L-6, KALKAJI, NEW DELHI-110 019, INDIA | T: +91 11 49211111 12 | F: +91 11 49211138 | E: KS@KAILASHSATYARTHI.NET

Scanned with OKEN Scanner